**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**26.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**करगिल विजय दिवस**

करगिल विजय दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन करगिल युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक सोशल मिडिया पोस्ट में तिरंगे की शान में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले कारगिल युद्ध के शहीद सभी वीर जवानों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। शिमला में आयोजित जिला स्तरीय कारगिल विजय दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के तहत जिला के अधिकारियों ने जिन स्कूलों को गोद लिया है उनमें कारगिल युद्ध का हिस्सा रहे भूतपूर्व सैनिक अपने युद्ध अनुभवों को साझा करेंगे ताकि छोटी उम्र में ही स्कूली बच्चों में देश भक्ति की भावना जागृत हो सके। नाहन में आयोजित विजय दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने उपस्थित लोगों को देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।

**करगिल विजय दिवस–2**

ऊना में आयोजित विजय दिवस समारोह में उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि कारगिल युद्ध जैसी वीरता की मिसाल दुनिया में दुलर्भ है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना के शौर्य की अमर गाथा है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय दीप कमल में भी कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि कारगिल की हवाओं में आज भी हमारे जवानों के बलिदान की गूंज है जो भारत माता की महानता का गुणगान करती हैं।

**बिक्रम ठाकुर**

भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के मोईन में कारगिल विजय दिवस के मौके पर वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कारगिल शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। बिक्रम ठाकुर ने इस मौके पर फौजी भाईयों से मंडी के सराज में आई प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों की मदद के लिए खुले मन से मदद की अपील की। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि सरकार आपदा में भी राहत केवल अपने मित्रों को ही बांट रही है।

**सतपाल सत्ती**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग से हॉर्टीकल्चर कॉलेज को सुंदरनगर स्थानांतरित करने के प्रदेश सरकार के फैसले का विरोध किया है। सत्ती ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित सराज के लोगों को राहत पहुंचाने के बजाय उन्हें जख्म देने का काम कर रही है। उन्होंने इसे भाजपा विधायकों के साथ राजनीतिक भेदभाव भी करार दिया। सतपाल सिंह सत्ती ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के

सम्मुख सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे थुनाग के साठ लोगों पर एफ.आई.आर. दर्ज करने के फैसले की भी निंदा की।

***जब से हिमाचल प्रदेश के अंदर कांग्रेस की गवर्नमेंट बनी है, तब से हिमाचल प्रदेश के अंदर भारतीय जनता पार्टी के अलग–अलग विधानसभाओं के अंदर जहां विधायक हैं, उन विधानसभाओं के साथ बहुत ही भेदभाव पूर्ण रवैया इस सरकार का रहा है। उसके नाते मुख्यमंत्री जी से मैं आग्रह करता हूं कि आप स्वयं इस सारी घटना को डील करें, क्योंकि जो हमारे रेवेन्यू मिनिस्टर है उनका पहले भी ऐसे कंट्रोवर्शियल इशूज कई होते रहते हैं। तो उसमें उनका यहां पर भी ये कंट्रोवर्सी हुई है तो इस जिनके ऊपर भी केस बने हैं, उन सब केसेस को वापस लेना चाहिए, वो गलत है, ऐसे लोगों के ऊपर आपदा के ऊपर एक और आपदा आ गई है सरकार के रूप में जो उनको परेशान कर रही है।***

सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि पहली ही बरसात में पेखुबेला सौर परियोजना की भी पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस परियोजना का संचालन कर रही कम्पनी को एक साल से भुगतान नहीं किया है। इस कारण कम्पनी के कर्मचारी हड़ताल पर हैं और ये प्रौजेक्ट पानी में डूबा हुआ है।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 27 जुलाई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल स्कूल हमीरपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने इस दौरान स्कूल का निरीक्षण भी किया और विभाग के अधिकारियों व शिक्षकों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने स्कूल परिसर में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया।

———————————